दैनिक भारत कि
# तामीर
संपादक - काज़ी मकदूम शफीउद्दीन hinditameer@gmail.com

बीड (महाराष्ट्र) वर्ष–१ ला अंक–१९९ वा गुरूवार २० फ़रवरी २०२५ RNI TITLE CODE:MAHHIN11405/120/1/3/2024 किमत : २ रूपये पन्ने – ४

## शिवजयंती का जोश!, शानदार प्रोग्राम, छत्रपती का शाही सम्मान।





बीड़, १९ फरवरी (प्रतिनिधि): हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सार्वजनिक शिवजयंती उत्सव समिति, बीड़ शहर के माध्यम से तथा विधायक संदीप क्षीरसागर के मार्गदर्शन में डीजे मुक्त और वर्गणी मुक्त सांस्कृतिक शिवजयंती उत्सव का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन के माध्यम से बीड़ के नागरिकों को कला और खेलों की अनूठी प्रस्तुति देखने को मिली।

छत्रपति संभाजी महाराज क्रीड़ांगण, बीड़ में बुधवार (१९ फरवरी) को शिवजन्मोत्सव का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। लाखों शिवप्रेमियों ने इस उत्सव का आनंद लिया। विधायक संदीप क्षीरसागर भी ढोल–ताशों की गूंज और शिवगानों की धुन पर झूमते नजर आए, जिसे देखकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस भव्य आयोजन में बीड़ शहर के साथ–साथ ग्रामीण इलाकों से भी लाखों शिवभक्त और विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

संदीपभैय्या को मानना ही पड़ेगा – मनोज जरांगे पाटील

ऐसी शिवजयंती मैंने पहली बार देखी है। इतने भव्य आयोजन और शानदार व्यवस्था का श्रेय विधायक संदीप भैय्या क्षीरसागर को जाता है। इस आयोजन में महिलाओं और बहनों की भागीदारी सुनिश्चित करने की विशेष व्यवस्था की गई है, जो बहुत ही सराहनीय है। इसके लिए संदीपभैय्या को मानना ही पड़ेगा।

ये शब्द संघर्ष योद्धा मनोज जरांगे पाटील ने कहे और विधायक संदीप क्षीरसागर व सार्वजनिक शिवजयंती उत्सव समिति की सराहना की।

ऐसे रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम

करवीर नाद ढोल पथक के ४५० कलाकारों ने शानदार ढोल ताशा प्रस्तुति दी। तिब्बती मॉन्क्स द्वारा शाओलिन मार्शल आर्ट की हैरतअंगेज प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

पश्चिम बंगाल के रायबिशी आर्ट स्कूल के कलाकारों ने एक्रोबैटिक्स फाइट और विभिन्न साहसिक प्रदर्शन किए।

ओडिशा के 'दुलदुली बाजा' आदिवासी वाद्य पथक ने लोकनृत्य प्रस्तुत किया।

अंतरराष्ट्रीय स्तर के लाइट और लेजर शो ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

बीड़ में इस वर्ष शिवजयंती का उत्सव ऐतिहासिक और भव्य रूप से मनाया गया, जिसमें हजारों नागरिकों ने भाग लिया और शिवप्रेमियों ने एकजुटता के साथ छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

## आ.संदीप क्षीरसागर कि सोशल इंजीनियरिंग



बीड( संवाददाता)

ऐसा लगता है संदीप क्षीरसागर ने दुबारा कामयाबी के बाद बहुत कुछ सिख लिया है , असेम्बली चूनाव में बहुत सारा नकारात्मक प्रचार लोगों से दूरी बनाने के कारन ऐन समय पर बढ़ी परेशानी और कम वोटों से जीत को संदिप क्षीरसागर ने नजदीक से और समझा है , शायद इसीलिए अब वो अपने विरोधियों को कोई मौका नहीं देना चाहते पानी और दुसरी बातें को लेकर पालक मंत्री अजित पवार से पुर्व विधायक सय्यद सलीम के साथ दो बार मुलाकात, संतोष देशमुख हत्या मामले में दबंग भुमिका अतिक्रमण हटाओ मुहिम में विरोधक पर वार के चलते आज शिवजयंती उत्सव के मौके पर जरांगे पाटील और मराठा समाज के साथ शामिल हो कर जश्न मनाना और उत्सव समिति में मूसलिम और दलित नेतृत्व को साथ रखकर क्षीरसागर ने बीड नगर परिषद चुनाव से पहले सोशल इंजीनियरिंग शूरू कर दी है ऐसा समझा जा रहा है हाजी नसीम इनामदार व विष्णु वाघमारे का पेश पेश रहेना ये उसी कि कवायद है।

## शिवजयंती के अवसर पर एनसीपी की 'शिवसम्मान शोभा यात्रा' का आयोजन

### एनसीपी के 'सुराज्य सप्ताह' की शुरुआत, विभिन्न कार्यक्रमों के साथ उत्सव मनाया जाएगा



मुंबई: राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) द्वारा शिवजयंती के अवसर पर 'शिवसम्मान शोभा यात्रा' का भव्य आयोजन किया गया। यह यात्रा दादर से चेंबूर तक निकाली गई, जिसकी शुरुआत दादर के शिवाजी पार्क में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। ढोल–ताशों की गूंज, शिवाजी महाराज के युग के युद्धक हथियारों के प्रदर्शन और एनसीपी के 'सुराज्य सप्ताह' के झंडों से सजे हुए शिवाजी पार्क में बड़ी संख्या में शिवप्रेमी उपस्थित थे।

यात्रा के शुभारंभ के दौरान एनसीपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद प्रफुल्ल पटेल, वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री छगन भुजबळ, पूर्व मंत्री नवाब मलिक और मुंबई के कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धार्थ कांबले ने क्रेन की सहायता से शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद पार्टी के नेताओं ने शिवसेना के संस्थापक, दिवंगत बालासाहेब ठाकरे की समाधि पर जाकर श्रद्धांजलि दी।

यह 'शिवसम्मान शोभा यात्रा' दादर के शिवाजी पार्क से निकलकर चेंबूर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा को नमन करने के बाद संपन्न हुई। चेंबूर में इस यात्रा का स्वागत एनसीपी विधायक सना मलिक शेख, पूर्व मंत्री नवाब मलिक और अन्य पदाधिकारियों ने किया। चेंबूर नाका से छत्रपति शिवाजी महाराज चौक तक यह यात्रा बेहद भव्य और संगठित रही, जिसमें युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

महत्वपूर्ण नेताओं की उपस्थिति

इस भव्य आयोजन में एनसीपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद प्रफुल्ल पटेल, वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री छगन भुजबळ, पूर्व मंत्री नवाब मलिक, मुंबई के कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धार्थ कांबले, विधायक शिवाजी राव गरजे, विधायक पंकज भुजबळ, मुख्य प्रवक्ता आनंद परांजपे, प्रदेश महासचिव संतोष धवली, प्रदेश प्रवक्ता संजय तटकरे, दक्षिण मुंबई जिला अध्यक्ष महेंद्र पानसरे, जिला अध्यक्ष अरशद आमिर, महिला जिला अध्यक्ष पूजा पवार, महिला जिला अध्यक्ष कामिनी जाधव सहित अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए।

## एक बार फिर अधूरी जानकारी और झूठे आरोपों के साथ सामने आईं अंजलि दमानिया

### 'अंजलि मैडम, पहले सरकार के जीआर जारी करने की प्रक्रिया तो समझ लीजिए'

### धनंजय मुंडे ने अंजलि दमानिया के आरोपों को किया खारिज



मुंबई: जमीर काझी

सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि दमानिया ने आज फिर अपनी अधूरी जानकारी के आधार पर झूठे आरोप लगाए हैं। उन्होंने सरकारी आदेश (जीआर) जारी करने की प्रक्रिया को लेकर जो बातें कही हैं, वे पूरी तरह गलत और भ्रामक हैं। इस बारे में मंत्री धनंजय मुंडे ने स्पष्ट किया कि दमानिया हमेशा अपनी अधूरी जानकारी के आधार पर झूठे आरोप लगाती रही हैं।

जीआर जारी करने की सरकारी प्रक्रिया

धनंजय मुंडे ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सरकारी नियमों (रूल्स ऑफ बिजनेस) के तहत किसी भी सरकारी आदेश (जीआर) को जारी करने की एक निर्धारित प्रक्रिया होती है। इसमें–

१. सबसे पहले संबंधित विभाग का अधिकारी फाइल प्रस्तुत करता है।

२. फिर यह फाइल विभाग के उपसचिव, सचिव और अतिरिक्त मुख्य सचिव के माध्यम से मंत्री के पास स्वीकृति के लिए भेजी जाती है।

३. मंत्री की मंजूरी के बाद भी अतिरिक्त मुख्य सचिव (ख–ड अधिकारी) द्वारा इसकी गहन जांच की जाती है।

४. इसके बाद ही सरकार की ओर से जीआर जारी किया जाता है।

धनंजय मुंडे ने कहा, यह कहना कि झूठ बोलकर जीआर जारी किया गया, हास्यास्पद है। यह पूरी तरह से एक मीडिया ट्रायल है, जिसका उद्देश्य सिर्फ सनसनी फैलाना है।

'अंजलि दमानिया का हर आरोप आज तक गलत साबित हुआ'

धनंजय मुंडे ने आगे कहा कि पिछले १५ वर्षों में अंजलि दमानिया ने जितने भी मीडिया ट्रायल किए और जिन पर भी आरोप लगाए, उनमें से एक भी आरोप किसी भी अदालत में या अन्य किसी मंच पर साबित नहीं हो सका। इसका एकमात्र कारण यह है कि वह हमेशा आधी–अधूरी जानकारी के आधार पर आरोप लगाती हैं। उन्होंने आगे सवाल किया कि क्या अब सरकार के फैसले लेने का माध्यम अंजलि दमानिया की प्रेस कॉन्फ्रेंस बन गई है? उन्होंने स्पष्ट किया कि – राज्य मंत्रिमंडल में चर्चा और मंजूरी के बाद, मुख्यमंत्री की स्वीकृति से कैबिनेट निर्णय लिया जाता है। इसके बाद राज्य के मुख्य सचिव (ख–ड अधिकारी) के हस्ताक्षर से जीआर जारी किया जाता है। यदि अंजलि दमानिया इस प्रक्रिया को समझतीं, तो वे ऐसे निराधार आरोप नहीं लगातीं।

'अगर उनके पास सबूत हैं तो अदालत में जाएं, मीडिया ट्रायल न करें' धनंजय मुंडे ने आगे कहा कि 'ऑफिस ऑफ प्रॉफिट' से लेकर अन्य तथाकथित घोटालों तक, दमानिया हमेशा कुछ अधूरे कागजात दिखाकर उन्हें 'सबूत' बताती हैं और मीडिया ट्रायल चलाती हैं'। अगर उनके पास कोई ठोस सबूत हैं, तो वे अदालत में जाएं। अब हम भी उन्हें कानूनी रूप से जवाब देंगे। धनंजय मुंडे ने बताया कि फर्टिलाइजर कंट्रोल ऑर्डर (ऋउज) एक केंद्रीय कानून है, जिसके तहत – बिना प्रमाणपत्र और खाद निर्माता कंपनी की मंजूरी के बिना कोई भी खाद नहीं बेची जा सकती। खत्रज्ञ्ऊज (इफ्को) ने २०२२ और २०२३ में भी संबंधित कंपनियों को नोटिस जारी किए थे। इसके बावजूद दमानिया ने अधूरी जानकारी के आधार पर झूठे आरोप लगाए। 'खत्रज्ञ्ऊज की वेबसाइट पर पूरी जानकारी पहले से मौजूद' धनंजय मुंडे ने स्पष्ट किया कि हमारे द्वारा तैयार की गई खाद को बेचने की अनुमति किसी भी अनधिकृत कंपनी को नहीं दी गई है। फर्टिलाइजर कंट्रोल ऑर्डर के तहत बिना उचित प्रमाणपत्र के ऐसी बिक्री अवैध है। उन्होंने यह भी कहा कि – हमारे निजी सहायक ने नहीं, बल्कि खुद खत्रज्ञ्ऊज ने इस बारे में पहले ही प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी थी।

यह जानकारी आज भी खत्रज्ञ्ऊज की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। अंजलि दमानिया को भी इस बात की जानकारी होगी, लेकिन इसके बावजूद वे झूठे आरोप लगाने और गलत बयानबाजी करने में लगी रहती हैं। धनंजय मुंडे ने कहा कि यह सब केवल बदनाम करने की रणनीति है। अब हम भी इस मामले में कानूनी कार्रवाई करेंगे।

## 'छावा' फिल्म को टैक्स फ्री किया जाए: हर्षवर्धन सपकाळ

मुंबई: छत्रपति शिवाजी महाराज ने अठारह पगड जातियों के मावलों के साथ मिलकर स्वराज्य की स्थापना की थी। उन्होंने शक्तिशाली शत्रुओं के खिलाफ गनीमी कावा (गुरिल्ला युद्ध) की रणनीति अपनाई, जो आज भी हमारी प्रेरणा है। स्वराज्यरक्षक संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित 'छावा' फिल्म को सरकार को टैक्स फ्री करना चाहिए। यह मांग कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाळ ने बुधवार को की।

शिव जयंती के अवसर पर कांग्रेस मुख्यालय टिळक भवन में शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए हर्षवर्धन सपकाळ ने कहा कि शिवाजी महाराज ने केवल औरंगजेब, निजामशाही और आदिलशाही से ही नहीं, बल्कि तत्कालीन धार्मिक व्यवस्थाओं से भी संघर्ष किया। इस संघर्ष में उन्होंने वारकरी संप्रदाय, चक्रधर स्वामी और महात्मा बसवेश्वर के विचारों को अपनाया। शिवाजी महाराज की बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय की विचारधारा ही हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

'आज भी शिवाजी महाराज के विचारों का विरोध हो रहा है'

हर्षवर्धन सपकाळ ने कहा कि शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक का भी विरोध हुआ था, और आज भी वही प्रवृत्तियाँ सक्रिय हैं। उन्होंने आगे कहा कि शिवाजी महाराज का संघर्ष केवल शासकों और आर्थिक व्यवस्थाओं के खिलाफ नहीं था, बल्कि वह सत्ता के केंद्रीकरण के भी विरोधी थे। उन्होंने कहा कि



आज भी सत्ता कुछ गिने–चुने लोगों के लिए चलाई जा रही है और कुछ लोग धार्मिक व्यवस्था पर एकाधिकार जमाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसके खिलाफ हमें लड़ना होगा।

उन्होंने कहा, आज हमें महाराष्ट्र धर्म को जागृत करने की शपथ लेनी चाहिए। हम सभी जाति–धर्म के लोग एक हैं, यही हमारी असली ताकत है। किले और गढ़ हमारे गौरव का प्रतीक हैं, उनका निजीकरण नहीं किया जाना चाहिए।

'गढ़–किलों पर पब और बार खोलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए'

उन्होंने सरकार द्वारा ऐतिहासिक किलों को पर्यटन के नाम पर बार और पब में बदलने की संभावनाओं का विरोध किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह डांस बार बंद करने का फैसला लिया गया था, उसी तरह किलों की ऐतिहासिक पहचान को भी संरक्षित रखना चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि तत्कालीन गृहमंत्री आर. आर. पाटील ने डांस बार पर प्रतिबंध लगाने का साहसिक निर्णय इसलिए लिया था, क्योंकि इससे कई परिवार तबाह हो गए थे।

'मुंबई को बिल्डरों के हाथों बेचने की साजिश'कल्याण की ६५ अवैध इमारतों के मुद्दे पर बोलते हुए हर्षवर्धन सपकाळ ने भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि मुंबई को अदानी और बिल्डरों के हाथों बेचने की भाजपा सरकार की साजिश जारी है। उन्होंने कहा, सरकार ने हजारों एकड़ सरकारी जमीन दे दी, लेकिन उनकी भूख अभी भी खत्म नहीं हुई। अब वे आम लोगों के घर भी छीन रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कल्याण में हजारों लोगों को सड़कों पर आना पड़ा है, जो सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है।उन्होंने साफ कहा कि किसी भी हाल में मेहनतकश, नौकरीपेशा और झुग्गी–झोपड़ी में रहने वाले लोगों के अधिकारों का हनन नहीं होने दिया जाएगा।

इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और सह–प्रभारी बी. एम. संदीप, रामकिशन ओझा सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उर्दू दैनिक तामीर के २५ वे साल में क़दम रखने पर एक और पेशकश

# शिवछत्रपति का आदर्श भावी पीढ़ी अपनाए, इसी उद्देश्य से यह पदयात्रा-जिल्हाधिकारी अविनाश पाठक

बीड़, १९ फरवरी (जिमाका): हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज एक आदर्श राजा, कुशल प्रशासक और न्यायप्रिय शासक थे। वे जितने कठोर थे, उतने ही अपनी प्रजा के प्रति प्रेमपूर्ण और दयालु भी थे। ऐसे आदर्श राजा का हमें मार्गदर्शन मिलना हमारा सौभाग्य है। उनके विचारों की विरासत को आगे बढ़ाना हमारा कर्तव्य है और इसी उद्देश्य से ३९५वीं शिव जयंती के अवसर पर संविधान की शपथ लेकर यह पदयात्रा निकाली जा रही है। यह विचार बीड़ के जिल्हाधिकारी अविनाश पाठक ने व्यक्त किए। उन्होंने सभी नागरिकों को शिव जयंती की शुभकामनाएं दीं।

आज पूरे बीड़ शहर में जय छत्रपति शिवाजी महाराज – जय भारत के नारों की गूंज सुनाई दी। श्रीमंतयोगी छत्रपति शिवाजी महाराज स्टेडियम, बीड़ से छत्रपति शिवाजी महाराज की ३९५वीं जयंती के उपलक्ष्य में भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस पदयात्रा को जिल्हाधिकारी अविनाश पाठक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपजिल्हाधिकारी शैलेंद्र सूर्यवंशी, जिला परिषद



के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आदित्य जीवने, पुलिस अधीक्षक नवनीत कॉवत, जिला क्रीड़ा अधिकारी अरविंद विद्यागर, नेहरू युवा केंद्र के प्रमोद जव्हेरी, स्काउट गाइड के योगेश आवडाळ, उपशिक्षणाधिकारी काकडे और हजारे, विस्तार अधिकारी रघुनाथ राऊत, सामाजिक कार्यकर्ता भगवानराव सोनवणे, तत्त्वशील कांबळे, पत्रकार संघ के प्रदेश संपर्क प्रमुख वैभव स्वामी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में बीड़ शहर में यह जागरूकता पदयात्रा निकाली गई।

इस अवसर पर जिल्हाधिकारी अविनाश पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि शिवाजी महाराज ने सभी जाति और धर्मों को समानता प्रदान कर एक आदर्श राज्य स्थापित किया। उनके इस आदर्श को आज की पीढ़ी आगे बढ़ा रही है और आने वाली पीढ़ी को भी इसे संजोकर रखना चाहिए। शिव जयंती के अवसर पर आज संविधान की शपथ लेकर यह भव्य पदयात्रा निकाली गई है। उन्होंने सभी नागरिकों से छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया।

यह पदयात्रा छत्रपति संभाजी महाराज क्रीड़ांगण पर सुबह १०:३० बजे संपन्न हुई। इस पदयात्रा में बीड़ शहर के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं, सरकारी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता, वकील, पत्रकारों सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया।

# मिल्लिया स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्राओं को भावपूर्ण विदाई





बीड़, १८फरवरी: (संवाददाता) मिल्लिया गर्ल्स हाई स्कूल में सोमवार को दसवीं कक्षा की छात्राओं के लिए दुआओं भरी विदाई आयोजित की गई। इस विशेष कार्यक्रम की अध्यक्षता अंजुमन अशात-ए-तालीम बीड़ की सचिव साहिबा खान सबीहा बाजी ने की, जबकि कार्यक्रम में किंडरगार्टन की अध्यक्ष मरियम हुसैनी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर दसवीं कक्षा की छात्राओं का मॉक टेस्ट रिजल्ट घोषित किया गया और उन्हें पुरस्कार वितरित किए गए। स्कूल की प्रधानाध्यापिका सिद्दीकी इरफान ने अपने संबोधन में छात्राओं को कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई जारी रखने की प्रेरणा दी।अतिथि मरियम हुसैनी ने स्कूल द्वारा आयोजित मॉक परीक्षा की भूरी-भूरी प्रशंसा की और स्टाफ के समर्पण की सराहना की। वहीं, सचिव सबीहा बाजी ने अपने संबोधन में छात्राओं को नैतिक मूल्यों को अपनाने की सलाह दी और उच्च शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। विदाई समारोह में छात्राओं ने भावनात्मक भाषण और अलविदाई तराने प्रस्तुत किए, जिससे माहौल भावुक और प्रेरणादायक बन गया। इस साल दसवीं कक्षा के २८८ छात्राएं बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रही हैं, जो बीड़ शहर में सबसे अधिक संख्या है।कार्यक्रम का समापन छात्राओं के लिए विशेष जलपान के साथ हुआ। इस आयोजन को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षण और गैर-शिक्षण स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# शत्रिय जनता राजा युवा प्रतिष्ठानद्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता में डॉ. इकबाल उर्दू स्कूल की छात्रा शेख अफिया खलील ने प्रथम स्थान प्राप्त किया



बीड़, १९ फरवरी २०२५: छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के अवसर पर शत्रिय जनता राजा युवा प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता में डॉ. इकबाल उर्दू प्राथमिक स्कूल की छात्रा शेख अफिया खलील ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

इस प्रतियोगिता में बीड़ शहर की कई उर्दू और मराठी स्कूलों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का विषय अगर आज शिवाजी महाराज होते तो? था, जिसमें शेख अफिया खलील ने शिवाजी महाराज की आज के दौर में आवश्यकता को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया और प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

शेख अफिया खलील को प्रमाणपत्र, मोमेंटो और ३००१ का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संस्था और शिक्षकों की शुभकामनाएँ

उनकी इस सफलता पर संस्था के संस्थापक सचिव चिश्ती अब्दुल समद सर, स्कूल के प्रधानाचार्य सिद्दीकी फहद सर और समस्त शिक्षकों ने शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पात्रुड क्षेत्र में सर्दी, खांसी, बुखार

## जलवायु परिवर्तन के कारण रोगियों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है

पात्रुड; (संवादाता)मजलेगांव तहसील के पात्रुड व परिसर में वर्तमान मौसम में परिवर्तन के कारण, गर्म से लेकर ठंडा, बादल से लेकर आर्द्र तक, पात्रुड शहर और इसके आसपास के क्षेत्रों में रोगियों की संख्या बढ़ रही है। इस वर्ष जलवायु परिवर्तन के कारण सर्दी, खांसी, बुखार, पेट रोग, त्वचा रोग से पीड़ित मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। यहां के पात्रुड़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बाह्य रोगी विभाग में प्रतिदिन औसतन १०० से १५० मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ की कम संख्या के कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चिकित्सा अधिकारी डॉ. ने बताया कि पिछले दो माह में विभिन्न बीमारियों के मरीजों की ओपीडी में बढ़ोतरी हुई है। मायकर ने यह जानकारी दी। इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में काफी पद स्वीकृत हैं। इन कुल स्वीकृत पदों में से केवल कुछ ही पद भरे गए हैं, जबकि कुछ पद रिक्त हैं। परिणाम स्वरूप, अपर्याप्त जनशक्ति के कारण रोगियों की बढ़ती संख्या को सेवाएं प्रदान करने में चिकित्सा अधिकारी और नर्सों पर दबाव बढ़ रहा है।

यद्यपि पात्रुड क्षेत्र में सर्दी, खांसी और बुखार जैसी वायरल बीमारियों के मरीज देखे जाते हैं, लेकिन एचएमवीपी वायरस से संक्रमित एक भी मरीज नहीं पाया गया है। हालांकि, एचएमवीपी वायरस से होने वाली संक्रामक बीमारी के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की है।

> “
> **नागरिकों को घबराना नहीं चाहिए**
>
> *नागरिकों को इस वायरस से घबराना नहीं चाहिए और न ही डरना चाहिए, भले ही इसकी चर्चा एक चेतावनी के रूप में की जा रही हो। हमेशा की तरह, आपको सावधान रहना चाहिए। जिस तरह कोरोना काल में मास्क और सैनिटाइजर का इस्तेमाल किया गया। इसलिए काले जीरे का सेवन करना जरूरी है। सर्दियों में बुखार, जुकाम और खांसी जैसी बीमारियाँ होती हैं। यदि आपको अत्यधिक कमजोरी, उल्टी, बुखार या सांस लेने में कठिनाई महसूस हो रही है तो डॉक्टर की सलाह पर तुरंत अस्पताल में आपका इलाज किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऐसे निर्देश दिए जा रहे हैं। यह जानकारी पात्रुड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. मायकर ने दी।*

# हाफिज नदीम सिद्दीकी और काज़ी समीर की उपस्थिति में जालना में एक दिवसीय मुतवल्ली वर्कशॉप का आयोजन

बीड (प्रतिनिधि): महाराष्ट्र राज्य में मुतवल्ली और इनामदारों की समस्याओं के समाधान के लिए जमीयत उलमा-ए-हिंद के प्रदेश अध्यक्ष हाफिज नदीम सिद्दीकी की अध्यक्षता में और महाराष्ट्र राज्य वक्फ बोर्ड के चेयरमैन काज़ी समीर की विशेष उपस्थिति में जुना जालना के कचहरी रोड स्थित उर्दू हाईस्कूल में रविवार, २३ फरवरी २०२५ को दोपहर १२:३० से शाम ५:०० बजे तक एक दिवसीय मुतवल्ली वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर मराठवाड़ा के मुतवल्ली और इनामदारों से बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील ऑल इंडिया मुतवल्ली, इनामदार ऑर्गनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष काज़ी अमजद फारूकी मकदूम मोहियोद्दीन और राष्ट्रीय सचिव सिद्दीकी अब्दुल अजीम मनसबदार ने की है।

**मुतवल्ली और इनामदारों की समस्याओं पर होगी चर्चा**

ऑल इंडिया मुतवल्ली, इनामदार ऑर्गनाइजेशन के सचिव सिद्दीकी अब्दुल अजीम





मनसबदार ने जानकारी देते हुए बताया कि -

मराठवाड़ा में पहली बार मुतवल्ली और इनामदारों की समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए इस तरह के वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है।

इस वर्कशॉप में इनामी जमीनों से जुड़े नए कानूनों पर भी मार्गदर्शन दिया जाएगा।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जमीयत उलमा-ए-हिंद के महाराष्ट्र राज्य अध्यक्ष हाफिज नदीम सिद्दीकी करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में महाराष्ट्र राज्य वक्फ बोर्ड के चेयरमैन काज़ी समीर उपस्थित रहेंगे।

**इन प्रमुख हस्तियों की होगी उपस्थिति** इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में -

जालना के विधायक अर्जुनराव खोतकर

घनसावंगी के विधायक हिकमत दादा उढाण

महाराष्ट्र राज्य वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (उ.ए.ज.) सय्यद जुनेद

महाराष्ट्र राज्य काज़ी सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष काज़ी मोहम्मद शफी उच्च न्यायालय के एडवोकेट एस.एस. काज़ी

वक्फ ट्रिब्यूनल कोर्ट के एडवोकेट निसार अहमद खान सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

**मुतवल्लियों और इनामदारों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील**

यह वर्कशॉप रविवार, २३ फरवरी २०२५ को जुना जालना स्थित कचहरी रोड के उर्दू हाईस्कूल में दोपहर १२:३० बजे से शाम ५:०० बजे तक आयोजित किया जाएगा।

इस आयोजन को सफल बनाने के लिए ऑल इंडिया मुतवल्ली, इनामदार ऑर्गनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष काज़ी अमजद फारूकी मकदूम मोहियोद्दीन, राष्ट्रीय सचिव सिद्दीकी अब्दुल अजीम मनसबदार, उपाध्यक्ष इमरान शाह, तथा सैयद मुजाहिद हाश्मी, आसिफउद्दीन खतीब समेत कई पदाधिकारियों ने मराठवाड़ा के मुतवल्ली और इनामदारों से बड़ी संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है।







दैनिक भारत की तामीर अखबार के मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक काजी मखदूम शफीउद्दीन ने आरएम प्रिंटर्स, बार्शी रोड, बीड 431122 महाराष्ट्र में मुद्रित कर के दैनिक तामीर, नगर परिषद परिसर, बशीर गंज, बीड, महाराष्ट्र कार्यालय से प्रकाशित किया है। मोबाइल : 9270574444 ईमेल : hinditameer@gmail.com वेबसाइट : www.dailytameer.com

daily Bharat ki tameer newspaper owner printer publisher editor Quazi makhdoom shafiuddin has printed at RM printers barshi road beed 431122 Maharashtra at published at office daily tameer nagar parishad complex Bashir gunj beed Maharashtra. Mobile : 9270574444 Email : hinditameer@gmail.com Website : www.dailytameer.com